पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

साप्ताहिक

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW & P M

W ebite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9300755803, 9425125569
Phone Fax: +91 731 2530859

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 4 अंक 26 प्रति सोमवार इंदौर, 27 दिसंबर 2010 से 2 जनवरी 2011 पृष्ठ 8 मूल्य 2/- रुपए

चीनी प्रधानमंत्री जियो बाओ की भारत यात्रा

चीनी कम-चीटिंग ज्यादा

मीडिया ने सवाल पूछे तो रिश्तों को समाप्त करने की कोशिश कहा

भारत में हाल ही में चीनी प्रधानमंत्री थेन जिया बाबा ओर उनके 200 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने यात्रा की; बेशक तिब्बितयों ने इसके विरोध में प्रदर्शन भी किया जिसे भारत शासन का मूलक समर्थन प्राप्त था। उनके प्रदर्शनों में तिब्बत को स्वतंत्र करने और निर्दोष तिब्बितयों की हत्या करने की मांग के लिए प्रदर्शन भी किया था।

भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन का यहां भी रुख काफी ढीला रहा। चीन ने सीमा विवाद, ब्रह्म पुत्र का पानी चुराने और उस पर चीन में बांध बनाने, पाकि अधिकृत कश्मीर में रेलवे लाइन बिछाने, तिब्बत से लेकर वर्मा की सीमा तक सैन्य गतिविधियां बढ़ाने, अरुणाचल प्रदेश को अपना बताने, पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध शह देने, सीमा पर विवादों को रोकने, आतंकवादी गतिविधियों को रोकने, 1962 के युद्ध में 1 लाख किमी से ज्यादा जगह हड़पने के बारे में कोई भी चर्चा नहीं की। यह भारतीय हितों के साथ चीटिंग थी।

भारत में बराक ओबामा आया 10 अरब डालर का माल बेच गया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति सरकोजी आये, परमाणु संयंत्र बेंच गये, चीनी 160 अरब डालर के व्यापार समझौते कर गये अब रूसी राष्ट्रपति आ रहे हैं, इन्हें भी अपने हथियार, जहाज, पनडुब्बीयां व अन्य सामग्री बेंचना है। 10-20 अरब डालर का ये भी माल बेंच जायेंगे। हमारे यहां आस्ट्रेलियन गोबर भी खरीदा है, कांग्रेस ने और कमीशन के लिए सरकारी पैसे परमाणु धर्मी कचरा भी।

बस पाकिस्तान से जरदारी अपने आईएसआई के 100-200 आतंकवादियों को लाकर यहां से चना और कांग्रेस का कमीशन डकार कर उन्हें खरीदना भर बचा है। इसलिए संकर संतति राहुल हिन्दुओं का आतंकवादी करार देकर मुस्लिम आतंकियों की पैरवी कर उनसे देशी फसल का उपयोग पर निर्भर करते हैं। बदले में आर.एस.एस. के कट्टर हिन्दुओं को आतंकवादी करार देकर उनकी खबरें मीडिया में छपवाकर हिन्दुओं को आतंकित करने का प्रयास करते हैं।

दूसरी ओर घर आये दुश्मन चीनीयों को सरमाथे पर बैठाकर उनसे व्यापार समझौते तो करते हैं परनतु चीनी घुसपैठ, भारतीय सीमाओं पर रेल लाइन, हवाई अड्डे, सैनिक अड्डों के बारे में अपने पूर्वज स्व. मोहनदास करमचंद गांधी के तीन बंदरों की भांति आंख, कान और मुंह पर हाथ रखकर दुश्मनों के सामने नत मस्तक हो उनकी हर छल, कपट और चीटिंग को सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं।

धन्य है कांग्रेसी गिरोह पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जरदारी को भी आमंत्रित कर उनसे भी हजार दो हजार आतंकी खरीद लो उसमें न केवल कमीशन मिलेगा वरन चारों तरफ से अपने भ्रष्टाचार के कुकर्मों में उलझ जाओ तो आतंकवादियों को देश के मंदिरों, पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों पर या अन्य भीड़ वाले क्षेत्रों में हमले करने के लिए कह देना ताकि मीडिया और जनता व जनप्रतिनिधियों को हल्ला मचाने से रोका जा सके, जैसी कि तुम्हारे गिरोह की परंपरा रही है।

चीन ने 1958-59 में भी पहले चीनी-हिन्दी भाई-भाई कहकर 1 लाख किमी से ज्यादा जमीन हड़प ली थी, अब फिर तैयार है। जब पत्रकारों ने इन बातों से संबंधित प्रश्न किये तो जियाबाओं ने उल्टे ही इसे दोस्ती तोड़ने का कदम करार देकर पत्रकारों को ही नसीहत देने लगे।

कांग्रेस-संप्रग डकैतों और अपराधियों का गिरोह

2-जी के पहले व बाद में भी हजारों करोड़ के लेनदेन से घाटा
1998 से आईं सभी सेल कं. जालसाल
अंधी कमाई और चारों तरफ लूट

शीतकालीन संसद के सत्र में मचे 2 जी स्पेक्ट्रम आवंटन के घोटाले से भारतीय संसद गूंजती रही, भारतीय महालेखाकर व अंकेक्षण ने मात्र 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले की ही अंकेक्षण रिपोर्ट पेश कर मात्र 1.76 लाख करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश किया, जबकि घोटाले तो 1998 से ही सेल कंपनियों के अस्तित्व में आने के साथ ही हजारों करोड़ में शुरू हो चुके थे। वो लाखों करोड़ जनता से लूट रहे थे और हजारों करोड़ बांट रहे थे, सबसे बड़ा घोटालेबाज थे रिलायंस के स्मार्ट और रिम, दूसरे नंबर पर थे। आरपीजी उर्फ आइडिया फिर बाजार में उतरा सुनील भारती मित्तल, टाटा व अन्य सभी बड़े जाने माने उद्योगपति, जिन्होंने न केवल जीपीआरएस में वरन डब्ल्यूएलएल अर्थात वायरलेस इन लोकल लूप, में लोकल लूप का लायसेंस लियिा और पूरे भारतवर्ष में भ्रष्ट शूकर निकंमा अर्थात भारत संचार निगम के साथ मिलकर पूरे देश में चलाया और पैसा लोकल लूप का चुकाते रहे और वर्तमान में भी चुका रहे हैं। सुनील भारती मित्तल ने तो एयरटेल और टचटेल में लोकल लूप और लैंड लाइन में भी कम से कम पूरे देश में रुपये 10000 करोड़ से ज्यादा घोटाले कर जनता को भी अनाप-शनाप बिलिंग में भी लूटा और भारत संचार निगम और संचार मंत्रालय को भी चंदन लगाया अरबों रुपये में, इस पर सीएजी अर्थात ......

कंट्रोलर आडीटर जनरल ऑफ इंडिया कागजी लेन-देन पर निगाह रखने और उसके अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार करने वाली, भारत के राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में चलने वाली यह संस्था है, जो स्वयं भी भारी भ्रष्ट", उनकी हर प्रदेश स्तर पर सभी विभागों के अंकेक्षण करने वाली प्रादेशिक संस्थाएं हैं, जो अपनी टीमों के माध्यम से सरकारी धन के उपयोग पर निगाह रखती हैं। ये इतनी भ्रष्ट और बिकाऊ होती है, कि इनकी टीम का मुखिया पहले ही अपनी वसूली की दरें बताकर, अधिकारी से तय कर लेता है और अपनी सीमायें निश्चित कर देता है। बाद में पूरी टीम बड़े-बड़े घोटालों, भ्रष्टाचारों और लूट को देखती है, और प्रश्नावली बनाती चलती है, जो दो तरह की होती है, जिसमें एक जो वास्तविक और बड़ी फंसाने वाली और दूसरी जिसमें उस अधिकारी का कुछ भी न बिगड़े और मामला कागजी जमा खर्च में सिमट जाये ओर ऐसी ऑडिट आपत्तियां वर्षों चला करती हैं। सभी शासकीय विभागों में कितने अधिकारियों, कर्मचारियों को इन ऑडिट आपत्तियों से उनकी पदोन्नतियां रुकी, कितनों की वेतन वृद्धियां रुकी, कितने नौकरी से निकाले गये या कितनों को निलंबित किया गया, जबकि हर विभाग में हर कदम-कदम भ्रष्टाचार राक्षस हर कदम-कदम पर नृत्य करता है। दूसरा प्रधानमंत्री को भी कई बार ईमेल के माध्यम से लिखा गया कि संसद में विधेयक लाकर तकनीकी परीक्षण और अंकेक्षण विभाग की स्थापना शीघ्र की जाये, जो हर नई योजना का तकनीकी आंकलन कर उसकी उपयोगिता, लागत,जनता को लाभ, शासन की लाभ-हानि को बारीकी से सुनिश्चित करे, चाहे वो स्पेक्ट्रम आवंटन हो, **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

वीकीलीक्स ने सिद्ध किया जो समय माया ने लिखा

अपनी सच्चाइयों से अमेरिका बौखलाया

भारत में वीकीलीक्स की साइट और समाचार सेंसर

अमेरिका वीकीलीक्स की सच्चाईयों जो अमेरिका की अपनी ही कारगुजारियों का आइना है, के लीकेज से भारी बौखलाया हुआ है। अमेरिकी प्रशासन अपने आप को दुनिया का रहनुमा और खुदा मानता है उसकी नजर में दुनिया की अन्य आबादी जानवर और धरती उसकी चारागाह हैं।

अमेरिका जो पूरी दुनिया की भिन्न-भिन्न देशों की धरती पर रहने वाले धूर्तों की जो अमेरिका में बस गये, किसंकर प्रजाति के धूर्त, मक्कार, चालाक और महा पेटुओं का गिरोह है, जो दुनिया के आम इंसान से तीन से छह गुना ज्यादा खाते हैं जिनके यहां हथियारों के उत्पादन के अतिरिक्त न तो खास कुछ धरती में पैदा होता है, न ही कोई प्राकृतिक संपदा का मालिक है, न ही कोई विशेष औद्योगिक उत्पादन है। उसकी धूर्तता और चालीकी का ही परिणाम है कि उसका डालर दुनिया की सर्वमान्य मुद्रा है। जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया चक्कर काटती है। समय माया इसकी सच्चाईयां अपने शैशव काल से वर्तमान तक अपने तीखे तेवरों में प्रगट करता आ रहा है।

विकीलीक्स डाट आरग के संचालकया मुख्य संपादक जुलियन असांजे ने हाल ही में इन अमेरिकी सच्चाईयों को दूर संचार तकनीकी के माध्यम से अमेरिकी साइटों और केवल पर सेंध लगाकर ऐसे लाखों दस्तावेज साइटों पर दुनिया की जनता के सामने प्रस्तुत कर दिये, जिससे पूरा अमेरिकी प्रशासन न केवल हिल उठा बल्कि पत्रकारिता के इस दैदीप्यमान नक्षत्र पर अपनी ......दृष्टि से विभिन्न आरोप लगाकर उसकी हत्या की योजना बना चुका है। इसके पूर्व में भी अमेरिकी सच्चाईयों के खुलासे और अमेरिका स्वीटजरलैंड की सरकार को खरीद कर उस पर अपनी नौकरानी के बलात्कार के आरोप लगवा कर स्वीटजरलैंड सरकार द्वारा उसे गिरफ्तार करने की योजना तैयार की थी, इस प्रकार एक सच प्रगट करने वाले पत्रकार को सताया गया, बेशक यह तो पत्रकारिता की व्यावसायिक प्राथमिकी है। फिर यह मनुष्य की स्वाभाविक मानसिकता है कि वह दूसरों का सच सुनना देखना चाहता है, परन्तु जब स्वयं का सच सामने आता है तो वह सच प्रगट करने वाले को धरती से विदा करने की नियत रखता है। ऐसा नहीं है, कि अमेरिका चाहे वह जुलियन असांजे हों या फीदेल कास्त्रो जो इसकी सच्चाइयां प्रगट करता है, वह किसी भी हद तक जाकर और गिरकर उसे दुनिया से विदा करने के लिय षड्यंत्र रचता ही है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

साप्ताहिक समय माया

संपादकीय

सत्ता अर्थात भ्रष्टाचार, अवैध कृत्यों से वसूली और घोटाले

भारत में सत्ता का अर्थ जनहितार्थ, स्वयं कांटों पर चल कर, जनता का भविष्य संवारना नहीं वरन् सत्ता आते ही कुर्सी पाते ही जनहितों को त्याग, अपना हित साधना, कानूनों को तोड़ना, मरोड़ना या नये कानून बनाकर भ्रष्टाचार से धन कमाना, संपत्तियां एकत्रित करना हो चुका है।

सत्ता चाहे प्रधानमंत्री की हो या ग्राम पंचायत के सरपंच की। कैसे हाथ आई बारी से नोटों की क्यारियां बनाकर उससे कई गुना धन पैदा करना, बन चुका है। उसके लिये चाहे जनता को जानवर बनाकर जोतना हो, मरवाना हो, औषधि परीक्षण करवाकर 10-20 लाख लोगों को निपटाना हो, कोई फर्क नहीं पड़ता। न सत्ताधीशों को, न गुलाम मानसिकता की जनता को।

सत्ताधीश चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में, यदि सबको पैसा मिल गया है, तो कोई कुछ नहीं बोलेगा, कानून बन जायेगें, जन हितों की धज्जियां उड़ायेंगे, जनता को रुलायेंगे। इसके विपरीत अपनी महानता के गुण गायेंगे, यदि पक्ष के लोगों को पैसा मिल गया और विपक्ष को उसका टुकड़ा नहीं मिला, तो फिर संसद को ठप्प करेंगे, जिद पर अड़ेंगे, जनता को भूल जायेंगे, सत्ताधीश फंस जायेंगे, तो घड़ियाली आंसु बहायेंगे, दिखायेंगे कि दुख हमें भी है, पर हम कुछ नहीं कर सकते हैं क्योंकि हम कमीशन डकार चुके हैं। जैसा कि वर्तमान में संसद में हो रहा है। फिर मार के नेता रूपी मंत्री प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर चुने गये सरपंचों तक वहां बैठे धूर्त सचिवों, जो इंडियन एक्यूसिंग सर्विस अधिकारी से लेकर सरपंचों के सचिव के रुप में बाबु के रूप में बैठा होता है। इन सब चुने हुए को शतरंज की बिसात पर नचाकर स्वयं 60% और इन चुने हुए को 40% का टुकड़ा डालकर पालतू श्वानों की तरह गले में पट्टा डालकर हांकता नचाता और चलाता रहता है। इसलिये यहां धन देकर उसके भुगतान से पूर्व भौतिक सत्यापन की जानबूझकर व्यवस्था नहीं की गई है। बेशक कागजी सत्यापन और उसके उपयोग के प्रमाणीकरण की तो कार्यादेश देने के पहले ही व्यवस्था हो जाती है।

चुने हुए प्रतिनिधि चाहे वो सरपंच हो से लेकर पार्षद, विधायकों, सांसदों तक सब को मालूम है कि उनकी औकात और सत्ता के बल 5 वर्षों के लिये हैं, जितना जैसे जहां से लूट सको, हजम कर सको कर लो अन्यथा 5 वर्ष बाद पुनः सत्ता मिली, नहीं मिली कोई भरोसा नहीं, इसलिए सत्ता का अधिकतम उपयोग हर तरह से कर लिया जाना चाहिए अन्यथा 5 वर्ष बाद यह दिवास्वप्न देखना भी दूभर हो जायेगा। कैसा जनहित, कौन सा जन, जब तक तंत्र है, तो वसूली का मंत्र जपो, इसके लिये जो कुछ करना पड़े करो, इसलिये सरपंचों से लेकर प्रधानमंत्री तक, अपने ही बनाये कानूनों को तोड़ने मरोड़ने, पूंजीपतियों के हित साधन के लिये कानून बनाने, शासकीय संपत्तियों को अपना मानकर उसे गिरवी करने, बेचने, जनहित का सौदा करने, जमीनों को बेचने, नीलाम करने गिरवी रखने तक सब कुछ कर डालते हैं। जब पकड़े जाते हैं, तो गूंज जनता देखती सुनती है, से लेकर विदेशी कंपनियां तक अपने पैर जमाने, देश का दोहन करना, वैसे ही रणनीति तैयार कर इन सब खबरों को आधार बनाकर अपना खेल खेलते हैं।

इस देश को उद्योगपति, टाटा, बिरला, अंबानी, मित्तल से लेकर लाखों लघु उद्योगपतियों तक को अपना कार्य करवाने के लिये रिश्वत देकर ही अपना कारोबार किया है, दूध का धुला कोई नहीं। टाटा का साम्राज्य इस देश की भ्रष्टाचार की धारा में धन लुटाकर ही जनता को लूटा जा रहा है। देश का प्रधानमंत्री स्वयं देश को परमाणु समझौते के नाम पर गिरवी कर मात्र कमीशन के लिये प्रदेशों के विद्युत मंडल बंद करवाकर निजीकरण पर उतारु है और उस प्रधानमंत्री कार्यालय में कदम का अंबर है, तो वो कैसे भ्रष्टाचार के राजा की तरफ अंगुली उठायेगा।

भोपाल में किसानों को महाजाम

भोपाल। 20 दिसंबर 2010 को राजधानी भोपाल में किसानों ने सुबह होते ही सारी सड़कें जाम कर दी। किसानों का यह आंदोलन न केवल ऐतिहासिक था। बल्कि शहरीयों के मुंह पर तमाचा है। सरकार के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जो बड़ी-बड़ी डींगे हांक रहे थे आंखें खोलने के लिए पर्याप्त है कि जनता को और कम से कम किसानों को बड़े-बड़े विज्ञापनों और झूठी वाह-वाही से ज्यादा दिन भ्रमित नहीं किया जा सकता, धरा पर उतर कर बात करो। बिजली की कमी मप्र की वर्तमान सरकार जानबूझकर निजीकरण करने, निजी कंपनियों से मोटा पैसा उकारने जनता को लूटने और परेशान करने के दृष्टिकोण से कर रही है। इसलिए जानबूझकर एक तरफ सारणी की चारों विद्युत इकाइयों का उत्पादन ठप कर, बिगड़ने की बात कर बेचने की तैयारी कर रही है, तो दूसरी ओर इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर जल विद्युत केंद्रों से न केवल अपने हिस्से की वरना अनेक हिस्से की भी बिजली नहीं खरीद रही है। और अरबों रुपए रोज का कमीशन उकारने के लिए निजी कंपनियों से जिसमें टाटा, इस्सार, रिलायंस, जिंदल से महंगी बिजली की खरीद दिखा कर मोटा कमीशन उकार रही है। स्वाभिक है इससे किसानों को सिंचाई के सीजन में बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्हें इतना भारी आंदोलन करना पड़ा।

60% फर्जी जाति प्रमाण पत्रों से नौकरी हथियाई है

जाति प्रमाण पत्र हैं या अंधों की रेवड़ी

सूचना के अधिकार में अधिकांश विभाग नहीं दे रहे जाति प्र.प. की कॉपी

म.प्र. लोक सूचना आयोग भी वैसा ही है, जैसो कि सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और अन्य राज्यों के बारे में टिप्पणी की हैं यहां पर भी प्रदेशभर के भ्रष्टों को चुन-चुन कर सजाया जाता है; मुख्यमंत्रियों द्वारा स्वाभाविक है, यहां पर चुने जानेवाले प्रदेशभर के विभिन्न विभागों के अधिकारी कैसे होंगे, सामान्य प्रशासन विभाग म.प्र. को सूचना के अधिकारी में वर्तमान में प्रदेश में जितने भी आई.ए.एस. बनाम इंडियन एक्यूसिंग सर्विस अधिकारी जो जिलाधीश, आयुक्त, सचिव, प्रधान सचिव, एसडीएम या विभिन्न शासकीय विभागों, निगमों में बैठे हैं, उनकी जानकारी दी जाए, प्रदेश में राजधानी के सूत्रों से प्राप्त सूत्रों के अनुसार लगभग 15 आई.ए.एस. इस प्रकार से फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी कर रहे हैं। इसी प्रकार राज्य प्रशासनिक सेवा में यह आंकड़ा 100 से ऊपर है; जो न केवल फर्जी जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र के साथ ही जनम तिथियों में हेर-फेर के साथ प्रशासनिक पदों पर विराजे हैं औरा शूकरों की ये फौज जन,धन में दोनों हाथों सू लूटकर पलीता लगा रही हैं

जाति प्रमाण पत्रों में कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ती है। कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा भी धड़ल्ले से जाति प्रमाण पत्र हाथ से लिखकर भी जारी किये गये हैं; जिन्हें स्वयं नहीं मालूम होता कि उन्होंने किस पर हस्ताक्षर किये हैं। ऐसे अनेकों विभागों के जाति प्रमाण पत्र हमारे पास सूचना के अधिकार में प्राप्त हुये हैं।

म.प्र. लोक निर्माण विभाग में मुख्यालय का पत्र दिया गया पर वहां वेंटीलेटर पर सांस ले रहा महाधूर्त प्रमुख यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला जिसके बारे में पूर्व में भी समय माया के पाठक उसके भ्रष्टाचार और सफेद पोश डकैती के किस्से जो इस हरामखोर ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में रुपए 1200 करोड़ के बजट में डाली थी पढ़ चुके हैं। इससे जानकारी मांगी गई। पत्र न मिलने का बहाना बना दिया। अपील करने पर जवाब में लिखा दूसरा पत्र भेजें, दूसरा पत्र भेजा उसका कोई जवाब नहीं मिला। इंदौर के मुख्य अभियंता को पत्र दिया; जिससे मुख्य अभियंता एम.पी.सिंग ओर उसके छोटे भाई का.अ. सी.बी.सिंह का प्रमाण पत्र बिलासपुर जिले से बनाया गया, जबकि रहने वालो धार कुक्षी के हैं।

दूसरी ओर का.अ. ए.पी. राने, संभाग क्र. 2 इंदौर ने देने से मना कर दिया और भड़ में बोला, मैं नहीं दूंगा जो उखाड़ सको उखाड़ लेना, दूसरी ओर सर्विसबुक के पहले पन्ने की फोटो कॉपी में जन्म स्थान पर टुकड़ा चिपका था जिस पर जन्म दिनांक 06/08/1969 लिखा था। श्रीमान राने ने 1985 में हायर सेकण्डरी पास की अर्थात 6 वर्ष की आयु और 12वीं के 12 वर्ष, 18 वर्ष से पूर्व ही 12वीं पास कर ली जो स्पष्ट फर्जी है। हायर सेकण्डरी के अंक सूची की फोटो कॉपी भी नहीं मिली, फिर ग्वालियर में कैसे हायर सेकण्डरी होती है, सभी समझदार जानते हैं। यही हाल का.पं. यो.सि. बागोले झाबुआ संभाग का भी है। नवंबर 11 70 को जन्म और 1985 में 12वीं पास अर्थात साढ़े 14 वर्ष की उम्र में ही 12वीं पास, ढाई वर्ष की उम्र में ही पहली पढ़ने बैठ गये थे। सहायक अभियंता श्रीराम वर्मा (बि.व.यां.) धार, मूल निवासी रीवा, अनु. जाति कुम्हार, जबकि कुम्हार मात्र छतरपुर में ही अनु. जाति में आते हैं। यह प्रमाणपत्र भी फर्जी है। ऐसे ही देवास संभाग में अनीस खान पिता शहजादे सलीम खान जाति से मुसलमान मेवाली का जाति प्रमाण पत्र और अनिल कुमार शर्मा ने अपने आपको सुतार बताकर जाति प्रमाण पत्र लिया है। ये दोनों ही संदिग्ध हैं। इनकी जांच करवा कर नौकरी से हटाया जाना चाहिय। ऐसे फर्जी लोग अपनी मूल जाति को भी किसी भी जाति में बताकर फर्जी प्रमाण पत्र पैसे देकर प्राप्त कर सभी प्रकार के लाभ ले रहे हैं।

म.प्र. महिला बाल विकास विभाग जहां नीचे से ऊपर तक और ऊपर से नीचे तक केवल भ्रष्टाचार और झूठे और फर्जी कागजों पर सारी योजनाएं चलाकर पैसा हजम किया जाता है। ये जालसाजी का आलम देखिये कि श्रीअजमेरा ने जो पत्र जानकारी मांगने के लिए दिया गया उसे तो रद्दी की टोकरी में डालकर कहा गया कि पत्र ही नहीं मिला। इसके विपरीत हमारे पत्र लगाने के तुरंत बाद, संचानालय में बैठे किसी धूर्त और चालाक अधिकारी या कर्मचारदी ने वही आवेदन अपने किसी खास मिलने वाले दूसरे से लगवा दिया और उसकी जानकारी पूरे म.प्र. से इकट्ठी करवा कर उसे भेज दी गयी। जबकि हमारी अपील करने पर हमें केवल घोषित संपत्तियों का विवरण भेजकर इतिश्री कर ली गयी, जबकि यहां 40% से ज्यादा आरक्षित वर्ग में अधिकारी और कर्मचारी से लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तक सब फर्जी प्रमाण पत्रों की भरमार है।

यही हाल कृषि, राजस्व, म.प्र. जल संसाधन, पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, शिक्षा, मंडी, रेशम, उद्यानिकी, जिलाधीश कार्यालयों, जनपद पंचायतों, नगर निगमों, पालिकाओं विद्युत मंडल, वाणिज्य कर, आबकारी,पुलिस विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, नागरिक एवं खाद्य आपूर्ति, खाद्य एवं औषधि, स्वास्थ्य विभाग, न्याय पालिका, नापतौल, मत्स्य, सहकारिता, ऐसे सभी विभागों में 40% अधिकारी और कर्मचारी फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरियां कर रहे हैं।

होटल सायाजी में कार चोरी-

सिद्ध करती है, होटल प्रबंधन के आतंकवादियों से संबंध

उच्च स्तरीय आपराधिक गतिविधियों का अड्डा

इंदौर में होटल सायाजी अपने पार्किंग में, क्लब, रसोई, के निर्माण के चलते पूर्व से ही सुर्खियों में हैं प्रशासनिक अधिकारियों को मुफ्त में घर के बाहर, होटल में घर जैसी सुविधाएं देने, मंत्रियों, नेताओं की आवभगत करने होटल के वाणिज्यिक कर में छूट पाने आदि से पूर्व में ही सुर्खियों में रहा है। समाचार पत्रों में झूठी खबरें छपवाकर कि पार्किंग में बने निर्माण तोड़ दिये गये हैं, जबकि वहां सब यथावत है; से जनसामान्य अंदाजा लगा सकता है कि मुफ्तखोर अधिकारी चंद सुविधाओं का लाभ उठाकर होटल प्रबंधन के सामने कैसी दुम हिलाते हैं।

पाठकों को याद होगा नववर्ष की पूव्र संध्या पर आयोजित नग्न नृत्यों पर जब हिन्दू संगठनों ने संस्कृति के पक्ष में रोकने के लिए आंदोलन किया तो उस समय के तात्कालीन जिलाधीश विवेक अग्रवाल ने कड़ी पुलिस व्यवस्था कर स्वयं घोड़े पर बैठकर, उस हरामखोर ने उन राष्ट्रभक्तों पर लट्ठ बरसाये थे; जब उसकी गहराई में गये तो ज्ञात हुआ कि उसके सारे रिश्तेदारों, मिलने-जुलने वालों को होटल सयाजी मुफ्त में सारी सुविधाएं प्रदान करता था। दूसरी ओर म.प्र. खाद्य एवं औषधि विभाग का वह इस होटल का .....निरीक्षक हर महीने रुपए 25000 प्राप्त कर इस होटल की केवल जी हजूरी करता है; वरना किसी भी खाद्य निरीक्षक को भी वहां नमूना लेने के लिये नहीं फटकने देता और गलती से गाहे-बगाहे कोई फटकने की हिम्मत भी कर ले, तो उस समय का तात्कालीन जिलाधीश विवेक अग्रवाल और अब राघवेन्द्र सिंग के ऐसे खाद्य निरीक्षकों को नमूने लेने से न केवल रोकते हैं वरना उन्हें हड़काते भी हैं; क्योंकि उस होटल की सेवायें लेने में ये मुफ्तखोर अपनी शान और रुतबे का प्रभाव समझते हैं। यही हाल श्रम विभाग के निरीक्षकों और म.प्र. औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति आदि के निरीक्षकों को आदि सभी को महीना मिलता हैद्ध तो ये सारे भुखेरे कैसे कोई यहां के प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही करेगा। दूसरी ओर इस देश में जो जितना बड़ा, वो उतना बड़ा भ्रष्ट, टैक्स चोर, रिश्वतखोर, सफेद पोश डकैत है। अपराधी, कुकर्मी, जालसाल भी है। वही ऐसी काली कमाई ही इन होटलों में खर्च कर सकता है। चाहे फिर वह उद्योगपति, कॉलोनाइजन, भूमाफिया, शिक्षा माफिया, उसमें फिर चाहे मुकेश, अनिल अंबानी हो, सुनील मित्तल, वेदांता का अनिल अग्रवाल हो, या नेताओं में कमलनाथ, चीटर .....जयरामरमेश, कैलाश विजयवर्गीय, राघवजी, अजय विश्नोई ऊपर से लेकर नीचे तक और नीचे से लेकर ऊपर तक, अब होटल में ठहरेंगे तो प्रबंधन से संबंध बन ही जायेंगे।

अब सवाल उठता है कि जिस मुशर्रफ अली ने 8 नवम्बर को होटल के काउंटर से चाबी लेकर स्वीफ्ट कार एमपी-09-एचई-0002 चुराकर राहत को दे दी थी, आखिर मुशर्रफ अली ने जिस सायाजी होटल में नौकरी की, उसके पहले होटल प्रबंधन ने उसकी छानबीन की थी; क्या पुलिस को सूचना दी थी; अगर नहीं तो होटल प्रबंधन से पूछताछ क्यों नहीं की गई? किस आका के इशारे पर उसे बिना पूछताछ के ही और पुलिस को सूचना दिये बिना नौकरी पर क्यों ओर कैसे रख लिया अर्थात होटल प्रबंधन भी आतंकियों से मिला हुआ है। उनके इशारों पर ही इंदौर में ऐसे आतंकवादियों काश्मीरियों और पाकिस्तानियों को इंदौर जैसे शहर में चुपचाप नौकरी पर रखकर राष्ट्र की सुरक्षा को खोखला किया जा रहा है। आखिर एटीएस होटल प्रबंधन के बड़े लोगों से संबंधों के चलते उसे क्यों छोड़ दिया, जबकि वो भी इस काण्ड में सीधे जुड़े हुये हैं। होटल प्रबंधन से क्या एटीएस ने सभी कर्मचारियों की जानकारी निकलवाई कौन कहां से आया और कब से अपनी पहचान बदलकर नौकरी कर रहा है। बेशक एटीएस पर बड़े-बड़े आई.ए.एस., आई.पी.एस., मंत्रियों, नेताओं का दबाव आ रहा होगा और ऐसी छानबीन करने पर और आयेगा; बाहर से आने वाली डांसिंग गर्ल्स व उनकी टीम, होटल के स्थायी ग्राहकों की सूची, होटल में पूर्व में कितनी कारें चोरी गयीं, जिम ट्रेनर ने महिला ग्राहकों की प्रशिक्षण के दौरान फिल्में तो नहीं बनाई इन सबकी भी जांच होनी चाहिये। मामला मात्र कार चोरी का ही नहीं वरना वहां के कर्मचारियों के माध्यम से चल रहे नेटवर्क का है। सरकारी अधिकारियों को सुविधाएं देकर कौन-कौन सी सुविधाओं का लाभ उठाया गया है अगर इसकी खोजबीन की जाए तो भोपाल से दिल्ली से आने वाले हर अधिकारी, नेता, मंत्री जो इस होटल में ठहरता है, सब लपेटे में आ जायेंगे और सरकारे मुंह दिखाने लायक नहीं रह जायेंगी। स्थिति यहां तक पहुंचेगी। वैसे भी पूरा देश राम भरोसे से धर्मशाला की तरह चल रहा है, क्योंकि सत्ता और सरकार में भ्रष्टों की फौज बैठी है।

अपनी सच्चाइयों से अमेरिका बौखलाया

प्रथम पृष्ठ का शेष

समय माया ने अपने शैशव काल से ही अमेरिकी मक्कारियों, बत्तमीजियों और गुण्डागर्दियों के खिलाफ सदा से ही अवाज मुखर की है। बेशक विकीलीक्स केवल वह लीक करया जा रहा है जो अमेरिकी दस्तावेजों में अमेरिका ने किया है, इसके विपरीत समय माया ने अमेरिकी इतिहास और वर्तमान के अध्ययन से निकाले निष्कर्षों के आधार पर वह सब भी प्रगट किया है, जिसके बारे में दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज पत्रकार, टीवी न्यूज चैनल, विश्व के बड़े-बड़े समाचार कल्पना भी नहीं कर सकते थे, जैसे दुनिया में आने वाली हर सुनामी बम के विस्फोटों से लाई जाती है। 26 दिसम्बर, 04 को दक्षिण एशिया के जकार्ता, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि में आई सुनामी अमेरिका द्वारा समुद्र में किये गये भीषण नाभिकीय और परमाणु बमों के परीक्षण का परिणाम थी। समय माया की उस समय ज्यासिटीज पर करप्शन 2 इंडिया के नाम से चलने वाली साइट पर इस बात का खुलासा 27 दिसम्बर, 04 को रात्रि 12:30 पर दिया गया था, जिसे बाद में वाइकीपिडिया के शबदकोष में भी शामिल कर लिया गया। इसी प्रकार अमेरिका का चांद और मंगल पर पानी की झूठी नौटंकी का पर्दाफाश भी समय माया ने किया और बताया कि जिस गृह पर तरलता वहां बादल और जहां बांदल वहां जीवन, जबकि चंद्रमा व मंगल पर बादल ही नहीं हैं तो वहां पानी जैसी तरलता नहीं है और तरलता नहीं है तो जीवन असंभव है, जो वर्तमान में चल रही समय माया. काम की साइट पर पुराने समाचार पत्रों में देखा जा सकता है। विकीलीक्स को इससे संबंधित दस्तावेजों को अभी साइट पर डालकर यह सच उजागर करना बाकी है।

अमेरिकी प्रशासन, विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, व अन्य असांजे द्वारा प्रगट किये जा रहे सच से न केवल बौखलाए हुए हैं वरन असांजे को कानूनी तरीके से या अपनी जासूस एजेंसियों के माध्यम से ठिकाने लगाने के लिए बेताब हैं। भारत में गूगल उसकी सीधी साइट नहीं खोल रहा है। साथ ही भारत से संबंधित सारे के सारे तथ्य गायब हैं अर्थात अमेरिकी इशारे पर सोनिया ने अपने पिट्ठू सरकार मनमोहन से कहकर सारे तथ्यों को गायब करवा दिया गया है। या सीधी भाषा में विकीलीक्स साइट को सेंसर किया जा रहा है। ताकि चलते लोकसभा के सत्र में अभी नया कोई बखेड़ा खड़ा न हो जाएं इसके साथ ही दिल्ली से लेकर बेंगलोर तक भारतीय समाचार पत्र भी इन राज्यों को प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं। या नहीं कर रहे हैं। इससे सिद्ध होता है कि विकीलीक्स के अमेरिकी जाल साजियों और भारत के साथ किये गये व्यवहार को पूर्णतः भारत में सेंसर कर रहा है। यदि सच्चाईयां जो भरत के बारे में ब्रिटेन के समाचार पत्रों से छनकर भारतीय समाचार पत्रों ने 26/11 के बारे में छापी है। भारत के सत्ताधारियों को,जो कि महाबेशर्म, निकम्मे, रिश्वतखोर, जालसाज हैं लोकसभा के गलियारों में मुंह उठाकर चलना नहीं छोड़ती। विकीलीक्स ने 26/11 के बारे में जो प्रगट किया है; उसमें अमेरिका की भूमिका और हेडली से भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ न करना भी अमेरिका के साथ भारतीय सत्ताधारियों के चरित्र को देशद्रोही की श्रेणी में खड़ा करने के लिए पर्याप्त है। गृह मंत्रालय और भारतीय खुफिया एजेंसियों को इस बात की जानकारी थी कि मुंबई में हमला हो सकता है। जिसकी चर्चायें पूर्व में भी भारतीय प्रचार माध्यमों ने प्रसारित व प्रकाशित कर दी थीं। यही कारण है कि भारत के सत्ताधीश विकीलीक्स के लीकेज पर मन से धन खर्च करके कांक्रीट की परतें चढ़ा रहे हैं। भारत सरकार के कांग्रेसी धूर्तों ने करोड़ों डालर देकर गूगल जैसी साइट को खरीदा, भारत में गूगल न तो उसकी साइट खोलता है और ध्यान बांटने के लिये उल्टे सीधे खोज परिणाम दिखाता है। इन कांग्रेसी डकैतों को डर है कि ये गुलाम मानसिकता के धूर्तों ने अमेरिका की हर ज्यादती के सामने न केवल घूटने टेके हैं बल्कि देश को गिरवी करने और सोनिया विदेशी एजेंट के इशारे पर अरबों डालकर का लाभ पहुंचाया जा रहा है हर वर्ष।

इसके विपरीत अमेरिका ही है,जो एक तरफ तो पाक को उसके नापाक इरादों की आईएसआई को आर्थिक सहायता देकर उसके आतंकवादियों को धन, आर्थिक सहायता देकर भारत विरोधी षड्यंत्रों को अंजाम देता है। विकीलीक्स में इन सब बातों के मय सबूतों के खुलासे किये गये हैं। इसलिए भारत में विकीलीक्स पर प्रतिबंध लगा रखा है।

सत्ताधीश चाहें तो अमेरिका के हों, भारत के, पाक के या दुनिया के अन्य देशों के जनहितों के विरुद्ध षड्यंत्र रचना, पैसा एकत्रित करना और अपनी सल्तनत खड़ी करना ही सत्ताधीश का उद्देश्य होता है; जब जुलियन असांजे जैसा व्यक्ति उन्हें आइना दिखाता है तो मिर्ची लगती है। यह मानवीय स्वाभाविक प्रकृति है।

म.प्र. वाणिज्य कर सभी के क्षेत्रों में जाकर करनी चाहिए वसूली

कर वसूली में व्यापारी को छूट- जनता से लूट

इंदौर। म.प्र. के वाणिज्य कर मुख्यालय में और भोपाल के वित्त मंत्रालय में वाणिज्य कर या विक्रय कर की वसूली में हुये भारी फेर-बदल से नाराज व्यापारियों और उनके माल का परिवहन करने वालों में ट्रांसपोर्टर्स ने पकड़-धकड़ से रूष्ट होकर 22/22/10 को हड़ताल कर दी है। करीब इंदौर में ही 5000 से ज्यादा ट्रांसपोर्टर्स की वाणिज्य कर की चारी को बारीकी से रोकने के लिए पहल क्या शुरू की और ट्रकों को पकड़ना शुरू करते ही वे सब इस व्यवस्था को रोकने के लिए दबाव बनाने की नियत से ही हड़ताल पर गये हैं। बेशक वाणिज्यक आयुक्त शैलेन्द्र सिंह ने देर से ही, पर सही कदम उठाया, क्योंकि व्यापारी दोनों तरफ से वाणिज्य कर की चोरी को पूरी कर रहा था। वास्तविकता में वाणिज्य कर पूरे प्रदेश के कुल विक्रय की वाणिज्य कर आय का 30% हिस्सा ही वसूल पाता है। 10 से 20% कर्मचारी, निरीक्षक, सहायक कराधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी, सहायक आयुक्त, उपायुक्त, सहायक उपायुक्त, आडिट, और एंटी इविजन ब्यूरो डकार जाता है। बाकी 50 से 60% वाणिज्य कर व्यापारी जनता से तो पूरा वसूलता है और स्वयं हजम कर लेता है। यही हाल सभी करों, आबकारी, कस्टम एण्ड एक्साइज और आयकर का भी होता है।

म.प्र. वाणिज्यकर वैसे तो पूरे विभाग का मूल उद्देश्य ही कर वसूलना और कर चोरी रोकना है। परन्तु आयुक्त पी.के. दास ने यह ठेका एंटी इविजन ब्यूरो विंग का गठन करके उसे सौंप दिया था, कि आठों विंग पूरे म.प्र. से ट्रकों को रोक कर, छापे मारकर टेक्स चोरी रोकेगी, परन्तु इनमें से अधिकांश ने ट्रांसपोर्टर्स से, बड़ी कंपनियों, बड़े दो नंबर का धंधा करने वालों से महीना बांध लिया था, जिन्होंने महीना देना स्वीकार नहीं किया था उनके ही ट्रक पकड़े जाते थे, एंटी इबेजन के चेतक चेम्बर स्थित ए और बी विंग की नाक के नीचे पेट्रोल पंप पर ही बसों पर 5'-5' ऊपर सामान लादकर ले जाया जाता ाि और ये आंख बंदकर देखते रहते थे, इसके चलते पूरे विभाग के सारे अधिकारी और कर्मचारियों की आंख की किरकिरी बन गई। एंटीइविजन ब्यूरो विंग, मोटे अनुमान के अनुसार और विभागीय विश्वस्त सूत्रों से सूचना के अनुसार इंदौर की ए और बी विंग अकेले ट्रांसपोर्टर्स से ही पिदले तीन वर्षों से रु. 20 करोड़ प्रति माह प्रति विंग वसूली होती थी। ऊपर से पूरे पश्चिमी म.प्र. जो तीन राज्यों की सीमाओं, गुजरात और महाराष्ट्र की सीमाओं से घिरा है, से लगभग प्रतिदिन 1000 ट्रकों से ज्यादा म.प्र. की सीमा में प्रवेश करते थे सभी नाकों पर जिसमें पिटोल, सेंधवा, बुरहानपुर, डोंगर गांव, सोयत, ढावला जोड़ आदि पर वहीं लेन-देन हो जाता था। अब जबकि एंटी इविजन ब्यूरो की शक्तिाां सभी निरीक्षकों और सहायक कर अधिकारियों को दे दी गई हैं, जिससे अचानक नवम्बर के महीने में 30% की टेक्स बढ़ोतरी होने से एक तरफ एंटीइवेजन ब्यूरो की कारगुजारियां सामने आ गई हैं। यहीं दूसरी तरफ ट्रांसपोर्टर्स और व्यापारी बौखला गये हैं, क्योंकि उनकी टेक्स चोरी, माल खरीदी और बिक्री का हेर-फेर भी सामने आने से सच्चाईयां उजागर हो रही हैं। इसलिये तो निरीक्षक राज को हड़ताल करके, सरकार पर दबाव बनाकर इसे बंद करवाना चाहते हैं। एक तरफ तो व्यापारी टेक्स चोरी कर सरकार को प्रतिवर्ष रु. 10000 करोड़ रु. से ज्यादा का चूना लगाता है। दूसरी तरफ जनता की जेब से पूरा वसूला जाता है। वर्तमान में जो वाणिज्य कर म.प्र. शासन को मिलता है, उसमें मुख्य रूप से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के साथ बड़ी कार्पोरेश

सूचना के अधिकार में जानकारी देने में सारा तंत्र बेईमान

कंपन का 50% से ज्यादा हिस्सा होता है, जबकि वास्तविकता में मात्र कुल वाणिज्य कर का 30% ही शासन वसूल कर पाता है। यह बात शासन भी जानता है। इसके विपरीत पूंजीपतियों और व्यापारियों की इस पार्टी ने रु. 4 करोड़ से कम के व्यापारिक लेन-देन करने वालों को खुली लेन-देन स्व निर्धारण कर इन सबकी भनक लगते ही ठीक दीपावली के समय नवम्बर 1 से 30 नवम्बर, 10 तक वाणिज्य कर आयुक्त शैलेन्द्र सिंग ने पूरे म.प्र. की एंटी इवेजन ब्यूरो को छापे और ट्रक पकड़ने की कार्यवाही से वंचित कर पूरे म.प्र. के 76 वृत्तों के निरीक्षकों और सहायक वाणिज्यकर अधिकारियों से करवाया जिसमें 30% की आई वृद्धि सिद्ध करती है कि आखिर रु. 50 लाख तक की रिश्वत देकर क्यों उपायुक्तों ने यहां पद स्थापनायें करवाई, दूसरा वाणिज्य कर कार्यालय की टेबल पर बैठकर नहीं वसूला जा सकता, तीसरा व्यापारी को कितनी भी छूट दे दी जाए वह कर चोरी से बाज नहीं आएगा, चौथा आखिर नाकों पर बैठे वाला वाणिज्य कर का स्टॉफ खुले में लेन-देन कर आंख बंद कर व्यापारियों को कर चोरी की छूट दे रहा है। पांचवा व्यापारी चाहे एकल हो, साझेदारी फर्म हो, निजी सार्वजनिक बड़ी-बड़ी कार्पोरेट कंपनियां सभी कर चोरी को व्यावसाय का धर्म मानते हैं। छठा-व्यापरी, फर्मे, कंपनियां ग्राहक से तो सभी प्रकार का कर वसूल लेते हैं, भले ही सरकार को चुकायें, न चकायें।

सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है,आखिर कौन ईमानदार है। हमारी नजर में सभी बेईमान हैं, चाहें आयुक्त शैलेन्द्र सिंग हों, या एंटी इवेजन के उपायुक्त, सहायक आयुक्त, कराधिकारी, सहायक कराधिकारी, निरीक्षक, बाबू या चपरासी, हो साकता है एक, दो ईमानदार हों, परन्तु वो बेचारे इन बेईमानों के बीच में मुंह छिपाकर ऐन-केन-प्रकारेण हाथ जोड़कर नौकरी कर रहे होंगे, परन्तु सबके निशाने पर होंगे।

श्री अजमेरा ने सूचना के अधिकार में जून, 10 में जानकारी मांगी थी। सभी आरक्षित वर्ग के निरीक्षकों से लेकर आयुक्त तक सभी के जाति व मूल निवासी प्रमाण दिये जाने पर सुनवाई नहीं हुई। अपील दी गई, अपील में निर्णय दिया गया कि आवेदन को जानकारी निःशुल्क दी जाए, लोक सूचना अधिकारी का कहना है, म.प्र. लोकसेवा आयोग सारे प्रमाण पत्रों की कांपियां रख लेता है हम कहां से दें। कर की वसूली पर छूट देकर व्यापारियों को दोहरा लाभ पहुंचाया, जिसमें कम से कम वाणिज्य कर विभाग को रु. 2000 करोड़ से ज्यादा का सकल नुकसान हुआ, जबकि रु. 4 करोड़ से ज्यादा का लेन-देन करने वालों के प्रकरण सहायक आयुक्त स्तर के अधिकारी देखते जिसमें एकल और पार्टनरशिप फर्मों ने तो मात्र कुल लेन-देन का 10 से 25% एक नंबर में दिखाकर कर दायित्वों से बचाकर मुक्ति पा ली, परन्तु निजी, सार्वजनिक और शासकीय उपक्रमों को कर भुगतान करना पड़ा, जिसकी सत्यता नवम्बर माह में छापे मारने, ट्रकों को पकड़कर वसूलने के निरीक्षकों और सहायक वाणिज्य कर अधिकारियों को दिये अधिकारों और उससे प्राप्त 30% से ज्यादा कर की वसूली से सिद्ध होती है। जो यह भी स्पष्ट करता है कि एंटी इवेजन ब्यूरो मासिक वसूली का खुला अड्डा बन चुकी थी। इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि सितम्बर, अक्टूबर, 10 में एंटी इवेजन ब्यूरो में उपायुक्तों की नई स्थानान्तरण सूची में स्थान पाने के लिए म.प्र. के वित्त मंत्री राघवजी भले ही ईमानदारी का चोला ओढ़े होने की नौटंकी करें परन्तु उनकी पुत्री ज्योति शाह, नगर पालिका अध्यक्ष विदिशा ने इन नियुक्ति में, वाणिज्य कर अधिकारी रिघारिया के माध्यम से खुले में लाखों का लेन-देन कर उपायुक्तों को एंटी इवेजन में स्थानान्तरण कर रेवड़ियां बांटी। विभागीय विश्वस्त सूत्रों के अनुसार डीसी करोड़िया ने रु. 50 लाख इंदौर बी विंग, डीसी रमेश चौहान जबलपुर रु. 35 लाख, डीसी मिरा कुमार सतना ने म. 32 लाख, डीसी डी आर शर्मा रु. 30 लाख भोपाल के लिये,डीसी आईपी जैन रु. 35 लाख ग्वालियर के लिये, डीसी भरावी ने रु. 50 लाख ए विंग के लिये, डीसी जे.एस. गुप्ता रु. 25 लाख छिन्दवाड़ा के लिये भुगतान किये, जब उन्हें उनकी मनचाही एंटीइवेजन में नियुक्तियां मिली, इंदौर के वृत्त 9 के लिये रु. 10 लाख, सहायक आयुक्त आनंद भार्गव ने भी अवर सहायक आयुक्त अधिकारी के माध्यम से उनकी बिटिया को भुगतान किये।

जबकि हर आवेदक चाहे वह किसी पद पर नियुक्ति उपस्थित के समय जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र, अंक सूचियों की छायाप्रतियां मूल के साथ प्रस्तुत करता है जो सत्यापित करके लौटा दी जाती है। इसके विपरीत मुख्यालय कहता है, लोकसेवा आयोग ने नहीं दी और देने से साफ बचना चाहता है। जबकि डी.सी. मीना जो सागर में पदस्थ हैं, का प्रमाण पत्र फर्जी है। ऐसे ही आरक्षित में नियुक्ति पाये 40% अधिकारी और कर्मचारी फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर जमे बैठे हैं, जो न केवल सामान्य का वरन आरक्षित वर्ग के लोगों का भी हक मार रहे हैं। जब मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से कहा गया कि सर्विस बुक के पहले पन्ने की फोटो कॉपी दे दें, तो उनका कहना था दूसरा आवेदन पत्र दें हमारे पास वैसे सर्विस बुक भी नहीं है। अर्थात बेईमान सब ही हैं। एक बेईमान दूसरे बेईमान को बचाता है सो ये सब एक दूसरे की ढाक रहे हैं।

कांग्रेस-संप्रग डकैतों और अपराधियों का गिरोह

प्रथम पृष्ठ का शेष

पुल निर्माण हो, सड़क निर्माण, मिसाइल, वायुयान जहाज हो, इसके विपरीत समय माया की ये आवाज को वर्षों से अनदेखा कर जनता के खून पसीने की कमाई की लूट और राष्ट्र के धन की बर्बादी की जा रही है।

भारत संचार निगम लिमिटेड जो देश की सबसे पुरानी संचार कंपनी है यहां बैठे सुपरवाइजन से लेकर सहायक संभागीय उप प्रबंधक, प्रबंधक, उप महाप्रबंधक से लेकर पूरे देश का प्रबंध संचालक और अध्यक्ष तक हर वर्ष मिलकर अरबों रुपये की जालसाजियां करते आ रहे हैं। पिदले शताब्दी से वर्तमान तक, पर कोई तकनीकी परीक्षण और अंकेक्षण के अनुसार में किसी को भी अभी तक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर सजायें नहीं मिलीं, जबकि इस संचार मंत्रालय में चाहे वो एमटीएनएल, बीएसएनएल, विदेश संचार निगम लिमिटेड हो, कदम पर खरीदी कार्यों में 25 से 40% तक खुलकर कमीशन डकारा जाता रहा है। पर केग के ऑडिटर्स कुछ भी खास नहीं कर पाए।

वर्तमान में केग की जो रिपोर्ट संसद में हंगामे का आधार बनी और केग के आडिटर्स ने 3 जी स्पेक्ट्रम की नीलामी और आवंटन की तुलना में, 2 जी स्पेक्ट्रम में अपनाई गई प्रक्रिया की गई चालबाजियों से अनुमान लगाकर रु. 1.76 लाख करोड़ का आंकड़ा प्राप्त किया, जबकि कारोबार का प्रारंभ 1985 से ही शुरू हो चुका था। यदि जांच वहां से शुरू की जाती तो चारों बड़े खिलाड़ी भारती का एयरटेल, टयटैल, बिरला का आरपीजी आइडिया, टाटा का, रिलायंस का रिलायंस स्मार्ट और रिम पर ही रु. 10 से 20 लाख करोड़ के घोटाले सामने आते और जनता के साथ जो पूरे देश में 80 करोड़ मोबाइलधारी और 40 करोड़ से ज्यादा बीएसएनएल, भारती, रिलायंस, टाटा के लैंड लाइंस फोनों पर हर मिनिट जनता से रु. 1 अरब से ज्यादा काल ड्रापिंग, मिस काल, कालर टोन, इन कमिंग, आडट गोइंग सांग्स टोन, अनाप-शनाप बिलों की और प्रीपेड में वसूली की जा रही है और कमाई की जा रही है उसको भी रोका जा सकता था, पर न तो इसको रोका जा रहा है और जनता से हर मिनिट चौबीसों घंटे अरबों रु. की अवैध वसूली की जाने की संचार मंत्रालय को भी जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कदम उठाकर जनता के साथ की जा रही लूट को भी बंद करना, वर्तमान और भविष्य में भी नहीं चाहता है, जहां तक दूर संचार नियामक आयोग का सवाल है, तो आयोग कितनी कानूनी औकात होती है उतनी औकात से काम करके वह भी वसूली में जुटा है।

साप्ताहिक समय माया

म.प्र. लोक स्व-स्वार्थ यांत्रिकीय विभाग, मुख्यमंत्री-मंत्री, प्रधान सचिव सबको करोड़ों में बंटता है

भ्रष्टों, जालसाजों, अपराधियों का बोलबाला

म.प्र. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभगा वास्तविकता में लोक स्व-स्वार्थ यांत्रिकीय विभाग बन चुका है। जहां चारों तरफ भ्रष्ट, जालसाल और आपराधिक प्रवृत्ति के इंजीनियरों का बोलबाला है। इस बात का अंदाजा सिर्फ इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रमुख अभियंता के प्रभार में बैठे प्रमुख अभियंता जी.एस. डामोर पर अपनी पत्नी की हत्या, जिसे पैसे खर्च कर आत्महत्या में बदल दिया गया था, के साथ में चार हतओं के आरोपों से जालसीपूर्ण तरीके से दिये गये साक्ष्यों और धन के बल पर बरी हो चुके, डामोर के विरुद्ध विभागीय भी दो चार करोड़ रुपऐ के घोटालों की जांचें लोकायुक्त में उच्च न्यायालय के स्थगन से वर्षो से लंबित पड़ी होने के बाद भी यह अपराधी प्रमुख अभियंता का प्रभार देख रहा है, जबकि प्रमुख अभियंता का पद सामान्य जाति वर्ग के लिये आरक्षित है। इसे विपरीत प्रधान सचिव आर.के. स्वाई, सचिव श्रीवास्तव, स्वंय मंत्री बिसेन भी जान बूझकर चूंकि करोड़ों रुपए की रिश्वत डकार चुके हैं इसलिए मामले को लंबा खींच रहे हैं, ताकि यह पद पर रहकर पूरे म.प्र. के लोक स्वार्थ यांत्रिकीय जहां सितंबर से लेकर मार्च के वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक विभिन्न योजनाओं जिनमें केंद्र व राज्य का रुपए 1200 से 1500 करोड़ के बजट में से रुपए 100 से 300 करोड़ रुपए की बंदर बांट कर लूटपाट और भ्रष्टाचार किया जा सके। मुख्यमंत्री शिवराज मंचों से और विज्ञापनों में अपने आपको भले ही साफ-सुधरा जन हितकारी सिद्ध करता हो, परन्तु हर विभाग में बैठे भारी जालसाजों, भ्रष्टों और अपराधियों को पालकर, उनसे धन बंटोरना इसका भी शगल बन चुका है; फिर मुख्यमंत्री कार्यालय में ही ऊपर से लेकर नीचे तक सभी भ्रष्ट, जालसाज, आई.ए.एस. के हरामखोर अधिकारियों का जमावड़ा हो, तो कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वो आपराधिक और भ्रष्ट डामोर जैसे अधिकारी पर न्यायालयों में मुकदमा चलवायें। आखिर जब इस अधिकारी पर 5 हत्याओं में बरी होने के प्रकरण हैं तो कम से कम सीआईडी जांच करवा कर जांच क्यों नहीं करवाई जाती; अन्यथा केंद्रीय जांच ब्यूरो में रिपोर्ट जाने पर प्रधानमंत्री कार्यालय से मुद्दा उठने पर न केवल यह प्रभारी प्रमुख अभियंता वरन सरकार भी लपेटे में आयेगी। बेशक इसने चारों तरफ सभी संभागों में जहां बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सभी जालसाल, निकम्मे अधिकारियों को बैठा दिया है जैसे इंदौर वृत्त में सरदारपुर संभाग जहां महाभ्रष्ट सूर्यवंशी बैठा है, जिसने इस जालसाज डामोर के कहने पर रु. 3.89 करोड़ की अनावश्यक कस्टम व एक्साइज ड्यूटी का भुगतान भोपाल की इलेक्ट्रोथर्म जो कि एन.के. जैन की है को रु. 50 लाखका कमीशन

पर म.प्र. महालेखाकर के अंकेक्षकों ने भी न केवल आपत्ति उठाई थी वरन् भुगतान रोकने के लिए भी लिखा था, पर उसमें डामोर ने रु. 2.50 करोड़ से ज्यादा डकार कर भुगतान करवा दिया था, उस काण्ड में कार्यालय यांत्रिकी सूर्यवंशी को भी जांच होकर आरोप पत्र मिलना चाहिए; जबकि वह आरक्षण से अधीक्षण यंत्री बनने की तैयारी में है। अकेले डामोर ने ही पश्चिमी क्षेत्र का मुख्य अभियंता हरते हुए लगभग रुपए 1000 करोड़ की हर वर्ष खरीदी के आदेश जारी किये, जिनके भुगतान कार्यपालन अभियंताओं के माध्यम से 25 से 40% कमीशन डकार कर धड़ल्ले से किये गये, जिसमें इसका 10% हिस्सा था, पूर्व प्रमुख अभियंता एस.के. सक्सेना भी इसकी जांच के लिए लिखा, परन्तु न तो मुख्यमंत्री कार्यालय से, न ही मंत्री प्रधान सचिव, सचिव के कार्यालय से जांच कार्य करवाने के लिए लिखा, क्योंकि सारे भ्रष्ट शूकरों ने करोड़ों में माल हजम किया था।

प्रमुख अभियंता प्रभार संभाल रहे इस आपराधिक डकैत डामोर ने जो काम करने वाले समझदार अधिकारी थे, उन्हें तीन वर्ष होने से पहले ही न निकंमा बनाने की साजिश रची, तो दूसरी तरफ राजनीतिक प्रभाव का फायदा उठाने इंदौर वृत्त में भ्रष्ट सोलंकी को अधीक्षण यंत्री बनाकर इंदौर में, ग्रामीण में अहिरवार को कार्यालय यंत्री बनाकर, देवास में कार्यालय यंत्री राजेश जोशी, जो इसके इशारे पर नाच सके, जितना मांगे इसको धन दे सके। उल्टे-सीधे आंख मींच कर भुगतान करे, वैसे तो नर्मदा इंदौर में भी कार्यालय अभियंता धर्मेन्द्र वर्मा, से लेकर पूरे इंदौर झोन में बड़े भ्रष्ट और निकंमों को बैठाया ताकि वो जैसा इन श्वानों को नचाये और कानून को बलाये ताक रखकर भ्रष्टाचार करे।

30 सितंबर 10 को प्रमुख अभियंता पद से एस.के. सक्सेना के सेवा निवृत्ति के बाद ये तत्काल कार्यभार संभालने पहुंच गया था। उसके पहले पूरा भार ग्रहण करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में रुपए 10 करोड़, रुपए 5 करोड़ मंत्री, रु. 3 करोड़ आर.के. स्वाई को भी भेंट कर दिये थे, सारे भ्रष्ट इसे पूर्ण प्रभार देने के लिए तैयार भी हैं। इसीलिए जानबूझकर अगले मुख्य अभियंताओं की स्क्रीनिंग होने के बाद भी अभी तक किसी को प्रमुख अभियंता का प्रभार नहीं दिया गया, जबकि इसकी घुसपैठ बनाने के लिए इसकी पदोन्नति प्राप्त इंडियन एव्यूसिंग सर्विस अधिकारी सूरज रोकड़े अब डामोर भी तन, मन, धन से जुटी हुई है, जिसे न बात करने और काम करने का तरीका आता है। इन हरामखोरों प्रधान सचिव, सचिव, प्रमुख अभियंता वर्तमान में मुख्य अभियंता इंदौर संकुले, उनका अधीक्षण यंत्री, भ्रष्ट जालसाज अजय दाहिया जो फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर केवल नौकरी कर रहा है, वरन आम सामान्य वर्ग के इंजीनियरों को धकेल कर अधीक्षण यंत्री बना हुआ है, जिसने अपने इंदौर संभाग के कार्यकाल में करीब रुपए 50 करोड़ से ज्यादा अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में डकार कर अपनी सांवेर रोड के औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री खोले स्तरहीन पाइप बना कर लोक स्वा. यांत्रिकीय विभाग को भी आपूर्ति कर रहा है, ये सारे हरामखोर जालसाज आखिर सूचना के अधिकार में कैसे देंगे जानकारी। सूचना के अधिकार में जानकारी देने के मामले में ये शूकरों की फौज चूंकि भ्रष्टाचार की गंदगी में लोट लगाने के आदि है, इसलिए कोई जानकारी देने की तो दूर आवेदन को ही रद्दी की टोकरी में डाल देता है, क्योंकि इनका आका सूचना आयोग को ही महीना भेज देता है। स्वाभाविक है कि प्रधान कार्यालय में बैठे चाहे वह यांत्रिकीय विभाग का मुख्य अभियंता सक्सेना हो, चूंकि पूरे म.प्र. के आठो कार्यपालन अभियंताओं से महीना वसूली करता है इसलिए ये हरामखोर भी जरूरत से ज्यादा स्याना बनकर, अपने कार्य पालन अभियंताओं को बचाने में लगा रहता है, जबकि ये हैण्डे पंपों की 50 से ज्यादा मशीनों में हर वर्ष की मरम्मत और रखरखाव का ही करोड़ों में कमीशन बटोर लेता है। दूसरा फिर हैण्डपंपों और पाइपों की भी अनाप-शनाप खरीदी में भी 5% कमीशन में भी इन आठों कार्यपालन यंत्रियों से अपने वारे-न्यारे कर लेता है। स्वाभाविक है कि कमीशन की वसूली के चलते इसने जुलाई और अक्टूबर में भेजे गये पत्रों की न तो जानकारी दी और न ही उन्हें आठों संभागों में भेजा। इसके विपरीत भोपाल के पत्रकारों से दबाव अवश्य डलवाया कि ज्यादा पत्र न भेजो ओं जानकारी के लिए परेशान न करो, अर्थात ये सारे कुकर्म करें और जानकारी मांगों तो भोपाल के पत्रकारों को टुकड़े डालकर ये दबाव भी डलवायेंगे।

जनता को पानी पिलाने की व्यवस्था करने में मुख्यमंत्री कार्यालय से रिश्वत का पानी खींचने की प्रक्रिया शुरू होकर अंतिम छोर पर बैठा सुपरवाइजर और हैण्डपंप मेकेनिक तक जनता की जेब से वसूले गये धन के आवंटन को कैसे पीते है। वह लोक स्वार्थ यांत्रिकीय विभाग की कार्य प्रणाली से समझा जा सकता है।

म.प्र. प्रदूषण संरक्षण मंडल प्रदूषण कानूनों की आड़ में दोनों हाथों से 10 करोड़ रुपए साल की वसूली

19 वर्ष से कुंडली मारे बैठा और वसूली कर रहा मिश्रा

पूरे विश्व में बढ़ते प्रदूषण से बढ़ते तापमान, बिगड़ते मौसम चक्र से न केवल पर्यावरणविद् वरन सरकारें और जनता के साथ ही, सभी पशु-पक्षी और मूक वनस्पति जगत भी परेशान है। इसके विपरीत कम से कम म.प्र. सरकार का मुख्यमंत्री पाखंडी शिवराज, आवास और पर्यावरण मंत्री जयंत मलैया, पूरा म.प्र. प्रदूषण फैलाओ मंडल इसका अध्यक्ष एन.पी. शुक्ला आयातित भुखेरा सचिव आर.के. जैन, प्रदेश के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों क्षेत्रीय अधिकारी, अधिकारी, वैज्ञानिक और इंजीनियर्स और कर्मचारियों को बस वसूली मिलती रहे, पर्यावरण जाये भाड़ में। वसूली चुकाकर, कानूनी कागजी खानापूर्ति खुलकर प्रदूषण फैलाओ पैसे की आड़ में, का खेल चहुं ओर खुलकर चल रहा है। इसका अंदाजा पाठक इस बात से ही लगा सकते हैं कि म.प्र. के प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अकेले इंदौर ऑफिस में बैठा क्षेत्रीय अधिकारी अच्युत आनंद मिश्रा जो 1991 में यहां सहायक इंजीनियर बनकर आया था, यहीं पर पदोन्नति लेकर क्षेत्रीय अधिकारी बनकर जमा हुआ है। समय माया व अन्य समाचार पत्रों ने जब सन् 2000 से लगातार इस हरामखोर के वसूली और भ्रष्टाचार के साथ लंबे समय से कुंडली मारे रहने के समाचार प्रकाशित किये तो मात्र डेढ़ वर्ष से भी कम समय के लिए 2004-05 में भोपाल गया ओर वापिस लौटकर आकर कुंडली मारकर जमकर बैठ गया। इसके भ्रष्टाचार और वसूली के चलते पूरा सांवेर रोड, पोलोग्राउंड, लक्ष्मी नगर, नेमावर रोड, मांगलिया आदि की हजारों फैक्ट्रीयां जिसमें दवाईयां, प्लास्टिक, रसायन, बियर फैक्ट्री, तेल, टेक्सटाइल, रंगाई आदि की फैक्ट्रीयों से निकलने वाले प्रदूषित जल से अधिकांश भूजल प्रदूषित और बदबूदार होकर एक तरफ वनस्पतियों को बर्बाद कर रहा है तो दूसरी तरफ क्षेत्रीय लोगों में पेट की बीमारियों, चर्म रोगों की बढ़ोत्तरी कर रहा है। साथ ही दुधारू पशुओं जो इस पानी को गाहे-बगाहे पी लेते हैं। अकाल मृत्यु का कारण बन रहा है। अकेले पोलोग्राउंड और सांवेर रोड की फैक्ट्रीयों का भारी रसायन युक्त जल एमआर-10 से बहकर मांगिया, जाखिया गांवों से बहकर खान नदी में मिलता है,जिससे पूरी खान नदी का जल भी प्रदूषण युक्त हो जाता है। अकेले पोलोग्राउंड में ही ....प्लेथिको, जैसी बड़ी दवा फैक्ट्रीयां टनों से प्रदूषण युक्त जल को बिना उपचार किये नाले में बहा देती हैं। वैसे भी मंझले दर्जे के इन रसायन और दवा उद्योगों को शीघ्र ही शहर से बाहर कियाजाना चाहिये, जिसकी मांग समय माया लगातार 10 वर्षों से कर रहा है, क्योंकि इनके चारो तरफ घनी बस्तियां बस चुकी हैं और इप्का के रसायनों की बदबू वर्षों से चारों तरफ फैल कर लोगों का जीना मुश्किल किये हुए है। पर इस भुखेरे गिद्ध मिश्रा के कारण उनका विस्थापन संभव नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही 400 के लगभग दाल मिलों से भी वायु प्रदूषण फैलता है। इनसे भी क्षेत्रीय अधिकारी मिश्रा लगभग रुपए 50 लाख प्रतिवर्ष वसूल कर कोई कार्यवाही नहीं करता है। इसी प्रकार 400 से ज्यादा नर्सिंगहोम्स ओर हॉस्पिटल्स से भी रुपए 50 लाख से ज्यादा की वसूली करता है और दिखावे के लिए इसने इनका नर्सिंग होम्स और हॉस्पिटल का एक संगठन बनाकर एक-दो वेन चला रखी हैं; जो इनका कचरा इकट्ठा कर जलाने का नाटक करती हैं, जबकि इनका भस्मक कहां है इसका किसी को पता नहीं है। जबकि एमवाय हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज, बीमा अस्पताल के जो भस्मक लगे थे वर्षों से बंद पड़े हैं। पर विरुद्ध बंदे ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।

यह बंदा तो फैक्ट्रीयों के लायसेंस के नवीनीकरण में ही रुपए 50 लाख से ज्यादा वसूलता है। नये लायसेंस में रुपए 15000 से लेकर उद्योग के आकार के अनुसार रुपए 2 से 5 लाख की वसूली कर आंख मींचकर लायसेंस दिये जाते हैं।

पूरे शहर में 5000 से ज्यादा उद्योग, वर्कशॉप, आइल, फ्लोर, दाल मिलें, नर्सिंगहोम्स, हॉस्पिटल्स आदि से मात्र इस क्षे.अ. को रुपए 5 करोड़ से ज्यादा की वार्षिक आय होती है। अवैध वसूली से इसलिए बंदा कोई कितना भी प्रदूषण फैलाए इसकी औकात से बाहर होता है उसके विरुद्ध कार्यवाही करना, जहां तक म.प्र. प्रदूषण फैलाओ मंडल के अध्यक्ष एन.पी. शुक्ला का सवाल है, बेचारा रु. 10-20 लाख खाकर ये भी चुप रहता है। वही हाल इस विभाग के मंत्री का है रुपए 25-50 लाख पाकर मंत्री जयंत मलैया भी चुप रहते हैं। जहां तक इस क्षेत्रीय अधिकारी मिश्रा की शिकायतों का सवाल है तो केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय तक इसकी शिकायतें सैकड़ों में पहुंचती हैं, परन्तु बंदा रुपए 2 करोड़ प्रतिवर्ष बांटकर कुंडली मारे मौज मस्ती और अय्याशी में व्यस्त रहता है। शाम के 7 बजे के बाद, आप इसे शहर के बड़े नामी-गिरामी होटलों में देख सकते हैं। फिर इसकी अय्याशी के किस्से तो कई साप्ताहिकों ने वर्षों पूर्व भी छापे हैं। अधिकांश स्टाफ यहां पर अवैध वसूली के दम पर करोड़पति है और नियुक्ति से वर्तमान तक 20-20 वर्ष पूरे करने के बाद भी यहां वैज्ञानिक, इंजीनियर्स, लेखाधिकारी से लेकर बाबू तक सब यहीं पर डटे हैं; तो मात्र लूटो और लुटाओ के दम पर। ज्यादा से ज्यादा स्थानांतरण के नाम पर धार क्षेत्रीय कार्यालय जिसका ऊपर ही कार्यालय है स्थानान्तरण कर औपचारिकताएं पूरी कर दी जाती हैं। धार के क्षेत्रीय अधिकारी त्रिवेदी को भी यहां पदस्थ हुये 4 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। वे ही हैं क्षेत्रीय अधिकारी त्रिवेदी जो अपने खानदान में पुलिस अधिकारियों के होने का रुतबा झाड़ता है, जिसने .....से लेन-देन कर यूनियन कार्बाइड के 2200 टन .....अन्य जहरीले पदार्थों को लाकर दफनाने का षड्यंत्र रचा था; जबकि रामकी इंवायरो हैदराद की भारी भ्रष्ट कं. है। जिस तरह से 60 एकड़ के प्लाट का डिजाइन दिखाया व बनाया गया था, जिसकी लागत रुपए 25 करोड़ थी जिसमें रुपए 8 करोड़ की सब्सिडी थी, म.प्र. ओ.के. वि.नि. इंदौर ने मात्र 20 एकड़ का ही प्लाट दिया। इस रामकी इंवायरो ने इसका भरपूर फायदा उठाया रुपए 8 करोड़ का अनुदान हजम कर रुपए 2 करोडत्र से भी कम लगाये ऊंची बाउंड्री वाल बनाई अंदर क्या किया किसी को नहीं मालूम। जहां पर प्लाट दिया उस पहाड़ी से

बरसात का पानी बहकर चंबल में मिलता है। इस क्षेत्रीय अधिकारी त्रिवेदी के संरक्षण में रामकी इंवायरो खुलकर पर्यावरण और प्रदूषित पदार्थों को नष्ट करने के नाम पर वसूली करता है जो प्रतिवर्ष करोड़ों में होती है। भस्मक भी प्रोजेक्ट में दिखाये अनुसार नहीं है।

इंदौर से आनेवाला आवास व पर्यावरण के मंत्री, सचिव, प्रदूषण फैलाओ का अध्यक्ष, आयातित सचिव जो तकनीकी शिक्षा से केवल लूट और वसूली के लिए आया आर.के. जैन उनके रिश्तेदारों आदि इंदौर में अगवानी से लेकर खरीदी तक के आने जाने के सारे खर्चों को क्षेत्रीय अधिकारी मिश्रा, त्रिवेदी ही उठाते हैं तो कौन मूर्ख हुआ है; जो इन दोनों ओर यहां के वर्षों से जमे स्टाफ को हटायेगा। सूचना के अधिकार में पत्र देने पर इस क्षेत्रीय अधिकारी मिश्रा व त्रिवेदी का स्टाफ ऐसे भड़कता है, जैसे सांड को लाल कपड़ा दिखा दिया हो, एक पत्र भी अजमेरा ने क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर व धार को भोपाल के माध्यम से पहुंचाया तो धार ने तो जवाब ही नहीं दिया, इंदौर कार्यालय से जवाब आया भी तो समय के बाद और जब पैसा जमा करने के लिये कर्मचारी को भेजा तो इंदौर कार्यालय के भ्रष्ट स्टाफ में कर्मचारी तो गुर्राने लगे परन्तु वहां की बत्तमीज महिलाएं उसको मारने भी दौड़ी, और उससे पेपर छीनकर फाड़कर फेंक दिये जब पाठक अंदाजा लगा सकते है। कि कितने बत्तमीज हैं इंदौर कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी। इनकी शिकायत भोपाल कार्यालय को, मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को की गई; पर सब इस क्षे.अ. से हिस्सा बटोरते हैं। कोई ने कुछ भी नहीं किया। ये है मुख्यमंत्री पाखंडी शिव के भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का छोटा सा एक मात्र दृश्य। ऐसा हर सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार के चलते खुले में चल रहा है। मुख्यालय को अपील भी की गई परन्तु खुले में पक्ष तो टुकड़ेखोर टुकड़े डालने वालों का ही लेंगे। यही हाल उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, गुना, सतना, रीवा आदि सभी का है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2 जनवरी 2000 को एक फैसले में कहा था भ्रष्टाचार के चलते सारे देश के भ्रष्ट प्रदूषण नियंत्रण मंडलों को तत्काल बंद कर देना चाहिए।

सड़कों पर गड्ढों, कीचड़ और खुदाई से जन जीवन दूभर

अधिकारी, नेता मस्त, जनता सड़कों से त्रस्त

सभी हरामखेरों को कमीशन चाहिये, बीआरटीएस, सेतु निर्माण आई.डी.ए., नगर निगम, लोक निर्माण, कल की कल देखेंगे

